

Patna University In News (25.09.2022)

दैनिक भास्कर

पीजी में नामांकन के लिए सेकेंड मेरिट लिस्ट पर काउंसिलिंग आज और कल

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

पटना विश्वविद्यालय के पीजी रेगुलर कोर्स में सेकेंड मेरिट लिस्ट के आधार पर 27 और 28 सितंबर को काउंसिलिंग होगी। काउंसिलिंग के बाद छात्र ऑनलाइन नामांकन ले सकेंगे। अगर इसके बाद भी सीटें बचीं तो थर्ड लिस्ट जारी की जाएगी। फर्स्ट लिस्ट में 1733 में करीब नौ सौ सीटें फुल हो चुकी हैं।

स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन प्रो अनिल कुमार ने बताया कि सेकेंड लिस्ट में नामांकन के बाद भी अगर सीटें खाली रहीं तो स्पॉट राउंड के तहत नामांकन लिया जाएगा। इसके तहत छात्र संबंधित विभागों में जहां सीटें खाली हैं, वहां निर्धारित तिथि को जाकर आवेदन करेंगे। इसके बाद संबंधित विभाग मेरिट के अनुसार छात्रों की सूची जारी कर नामांकन लेंगे।

रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान प्रिया प्रथम

पटना. पटना यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ जूलॉजी में शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता हुई. इसमें स्टूडेंट्स के पांच ग्रुपों में 4-8 मेंबर्स शामिल थे. एचओडी डॉ शाहला यास्मिन ने बताया कि सभी समूहों को डेढ़ घंटे का समय दिया गया था. जज के तौर पर डॉ अनुपमा कुमारी, डॉ प्रियूतमा, डॉ मयंक और डॉ चांद थे. पहला स्थान मुस्कान प्रिया के समूह को मिला. वहीं दूसरा स्थान हिमाली राज एंड ग्रुप, तीसरा स्थान शिवानी श्री गुप्ता एंड ग्रुप और काजल एंड ग्रुप को मिला. सांत्वना पुरस्कार ज्योति एंड ग्रुप को मिला.

प्रभात खबर Sun, 25 https:/

एग्जाम अलर्ट

फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा 15 दिसंबर से

पटना. पटना यूनिवर्सिटी (पीयू) ने शनिवार को नये सत्र 2022-23 का एग्जाम कैलेंडर जारी कर दिया है. ग्रेजुएशन फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा 15 दिसंबर से शुरू हो जायेगी. पीयू में इसी सत्र से सीबीसीएस लागू होने के कारण सेमेस्टर सिस्टम लागू हो गया है. फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा से मिड सेमेस्टर 1 की परीक्षा तीन से पांच नवंबर तक होगी. मिड सेमेस्टर 2 की परीक्षा 1 से पांच दिसंबर तक होगी. ग्रेजुएशन फर्स्ट सेमेस्टर की 15 दिसंबर से परीक्षाएं शुरू हो जायेंगी. सीसी 1- 15 दिसंबर, सीसी 2 -16 दिसंबर, एइसीसी 17 दिसंबर, जीइ 1 की परीक्षा 19 दिसंबर को प्रथम पाली में होगी. प्रैक्टिकल परीक्षा दो पालियों में 20 से 22 दिसंबर तक आयोजित की जायेगी.

प्रभात खबर Sun, 25 September 2022 https://epaper.prabhatkhaba

दैनिक भास्कर

पटना लॉ कॉलेज की 120 सीटों के लिए आए करीब 2200 आवेदन

पटना विवि के पटना लॉ कॉलेज में एलएलबी में 120 सीटों पर नामांकन के लिए 2200 के करीब आवेदन आए हैं। कॉलेज के प्राचार्य प्रो मो. शरीफ ने बताया कि कॉलेज को भी बार काउंसिल ऑफ इंडिया की मान्यता मिल चुकी है। उसी के बाद आवेदन लिए गए थे। वहीं विवि के स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन प्रो. अनिल कुमार ने बताया कि सितंबर अंत तक एलएलबी (स्नातक) व एलएलएम (स्नातकोत्तर) दोनों का एंट्रेंस एक ही दिन होगा।

पटना विश्वविद्यालय

Patna University

Estd. 1917



Patna University In News (25.09.2022)

दैनिक जागरण

लंबे समय तक जन-जातियां स्वतंत्र रहीं : कुलपति

संगोष्ठी का उद्घाटन करते पीयू कुलपति, प्राचार्य व अन्य अतिथि • जागरण

जागरण संवाददाता, पटना : पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश कुमार चौधरी ने कहा कि देश के गुलाम बनने के बावजूद लंबे समय तक जन-जातियां स्वतंत्र रहीं। उन्होंने ये बातें सोमवार को कालेज आफ कामर्स आर्ट्स एंड साइंस, पटना में इतिहास संकलन समिति और इतिहास विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में कहीं। इतिहास संकलन समिति के संगठन सचिव डा. बाल मुकुंद पांडेय ने कहा कि जन शब्द की परिकल्पना वेदों में मिलती है, लेकिन दलित शब्द राजनीतिक शब्द है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य प्रो. इंद्रजीत प्रसाद राय ने किया। प्रो. मनीष सिन्हा, आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. राजीव रंजन, प्रो. राम किशोर सिंह ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन प्रो. अनिता ने किया।